## Northlands Primary School

## Hindi – Grade 5 ( Miss Pooja & Miss Deepika )

## Theory Work - 20

## Date : Monday 14 June 2021



# पाठ ७ - पाम्प्लेमूस का बाग (Garden of Pamplemousse)
## Pg 56 - 1st Part



पाम्प्लेमूस का बाग बहुत सुन्दर है। इसकी सुन्दरता विश्व भर में प्रसिद्ध है। यह बाग मॉरीशस के उत्तर प्रान्त के पाम्प्लेमूस ज़िले में है। सन् १९८८ (उन्नीस सौ अट्ठासी) से यह बाग ' सर शिवसागर रामगुलाम बोटैनिकल गार्डन ' नाम से जाना जाता है।

पाम्प्लेमूस एक फल का नाम है जिसे हम चकोतरा कहते हैं। उस जगह में बहुत चकोतरे होते थे। इसी कारण इस बाग का नाम पाम्प्लेमूस पड़ा होगा।

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बाग | Garden | उद्यान | - |
| 2. | सुन्दर | Beautiful | मनोरम | असुन्दर |
| 3. | विश्व | World | संसार / दुनिया | - |
| 4. | प्रसिद्ध | Popular | लोकप्रिय | अप्रसिद्ध |
| 5. | प्रान्त | Locality | इलाका | - |
| 6. | चकोतरा | Grapefruit | - | - |
| 7. | जगह | Place | स्थान | - |
| 8. | बहुत | Many | ज़्यादा / अधिक | कम |
| 9. | कारण | Reason | वजह | - |

## Practical Work - 20

Pg 58 ex 1(a) number 1

१. (अ) सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-

१. किस साल में पाम्प्लेमूस बाग का नाम सर शिवसागर रामगुलाम बोटैनिकल गार्डन रखा गया था ?

(क) सन् १९८८

(ख) सन् १९५०

(ग) सन् १९९०

(घ) सन् १९३०

Pg 58-59 ex 1(b) number 1 and 5

१. (आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में लिखिए :-

(क) पाम्प्लेमूस बाग किस ज़िले में है ?

______________________________________________________________

(ङ) इस बाग का नाम पाम्प्लेमूस बाग क्यों पड़ा ?

______________________________________________________________

## Theory Work - 21

## Date : Tuesday 15 June 2021

पाठ ७ - पाम्प्लेमूस का बाग (Garden of Pamplemousse)
Pg 56 - 2nd Part



पाम्प्लेमूस बाग का प्रवेशद्वार भव्य है। बाग में प्रवेश करते ही दर्शक पक्षियों का कलरव सुनकर अपनी थकावट भूल जाते हैं। सामने पियेर प्वाव्र नामक एक फ्रांसीसी अधिकारी की प्रतिमा है। उन्होंने ही पाम्प्लेमूस का बाग लगाया था। उन्होंने भारत, चीन तथा अन्य देशों से गरम मसालों की लताएँ और पेड़-पौधे मँगवाकर इस बाग में लगवाए थे।

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भव्य | Huge | विशाल | छोटा |
| 2. | दर्शक | Visitor | - | - |
| 3. | कलरव | Chirp | कूजन | - |
| 4. | सामने | Infront | आगे | पीछे |
| 5. | अधिकारी | Officer | प्राप्त करना | - |
| 6. | प्रतिमा | Statue | मूर्ति | - |
| 7. | देश | Country | राष्ट्र | विदेश |
| 8. | गरम | Hot | - | ठंडा |
| 9. | लता | Creep | बेल | - |
| 10. | पेड़ | Tree | वृक्ष | - |

## Practical Work - 21

Pg 58 ex 1(a) number 2

१. (अ) सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-

२. गरम मसालों की लताएँ कहाँ से मंगवाई गई थीं ?

(क) भारत,चीन तथा अन्य देशों से

(ख) रोड्रिग्स, फ्रांस तथा अन्य देशों से

(ग) मॉरीशस, भारत तथा अन्य देशों से

(घ) चीन,फ्रांस तथा अन्य देशों से

Pg 58 ex 1(b) number 2

१. (आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में लिखिए :-

(ख) पाम्प्लेमूस बाग का प्रवेशद्वार कैसा है ?

---

## Theory Work - 22

## Date : Wednesday 16 June 2021


### पाठ ७ - पाम्प्लेमूस का बाग (Garden of Pamplemousse)

### Pg 56-57 - 3rd Part



बाग में मों प्लेज़िर नामक एक सुन्दर भवन है। पास ही राष्ट्रपिता डॉ. सर शिवसागर रामगुलाम की समाधि है। भवन से कुछ दूर पत्थरों के घेरे में कछुए हैं। थोड़ी दूर पर एक अहाते में हिरण भी पाए जाते हैं। पास ही पुराने समय की गन्ने पेरने वाली मशीन का एक नमूना है।







**Coconut tree at Botanical Garden**

बाग में तालिपो नामक एक विचित्र वृक्ष भी है। यही वृक्ष चालीस से साठ वर्षों में एक ही बार खिलता है। जब तालिपो खिलता है तब देश-विदेश से पर्यटक उसे देखने आते हैं। बाग में अनेक प्रकार के फल-फूल हैं। नारियल के छोटे-छोटे पेड़ों पर नीले-नीले नारियल दिखाई देते हैं।

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भवन | Building | इमारत | - |
| 2. | समाधि | Grave | दफ़न | - |
| 3. | दूर | Far | - | पास / समीप |
| 4. | पत्थर | Stone | शिला | - |
| 5. | गन्ना | Sugar | शक्कर | - |
| 6. | मशीन | Machine | यंत्र | - |
| 7. | नमूना | Model | मॉडल | - |
| 8. | विचित्र | Surprising | अनोखा | - |
| 9. | वर्ष | Year | साल | - |
| 10. | पर्यटक | Tourist | - | - |

## Practical Work - 22

Pg 58-59 ex 1(b) number 3 and 4

१. (आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में लिखिए :-

(ग) बाग में स्थित सुन्दर भवन का नाम क्या है ?

______________________________

(घ) तालिपो वृक्ष कितने वर्षों में खिलता है ?

______________________________

## Theory Work - 23

## Date : Thursday 17 June 2021

पाठ ७ - पाम्प्लेमूस का बाग (Garden of Pamplemousse)
Pg 57 - Last Part




कहीं-कहीं बाग में छोटे-बड़े सरोवर हैं । बृहदकमल वाला सरोवर अति सुन्दर है। यहाँ नील और गुलाबी रंग के कमल मनोरम लगते हैं। पास वाले तालाबों में रंग-बिरंगी मछलियाँ तैरती हुई नज़र आती हैं। सरोवरों के किनारे बने कुटीरों में बैठकर दर्शक बाग का आनन्द लेते हैं।

मॉरीशस सरकार के निमंत्रण पर जब प्रसिद्ध विदेशी नेता आदि मॉरीशस आते हैं तब वे पाम्प्लेमूस बाग में एक पौधा अवश्य लगाते हैं। हमें अपने पाम्प्लेमूस के बाग पर गर्व है।

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरोवर | Lake | तालाब / झील | - |
| 2. | बृहत्कमल | Big lotus | बड़ा कमल | - |
| 3. | सरकार | Government | शासक लोग | - |
| 4. | अवश्य | Sure / Certainly | ज़रूर / निश्चित | - |
| 5. | गर्व | Proud | अभिमानी | - |
| 6. | सफल | Success | उत्तीर्ण | असफल |
| 7. | शांति | Silence | मौन | अशांति |
| 8. | योग्य | Deserving | गुणी | अयोग्य |

## Practical Work - 23

Pg 58 ex 1(a) number 3

१. (अ) सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-

३. ' बृहत्कमल ' का मतलब है..........

(क) बड़ा कमल

(ख) छोटा कमल

(ग) नीला कमल

(घ) लाल कमल

Pg 59 ex 1(b) number 6

१. (आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में लिखिए :-

(च) कुटीर में बैठकर दर्शक क्या करते हैं ?

---